क्र. सं.	राज्य	आरईसी द्वारा सत्यापित गांवो/पुरवों की संख्या	संस्वीकृत गांवो/पुरवों की संख्या	पूर्ण किए गए गांवो/पुरवों की संख्या	लिए गए पात्र पुरवों/गांवों की *प्रतिशतता*	प्राप्त लक्ष्य की *प्रतिशतता*	जारी सीएफए (₹ करोड़ में)
	(i)	**(ii)**	**(iii)**	**(iv)**	**(iv) X 100/(ii)**	**(iv) X 100/(iii)**	
25	**उत्तर प्रदेश**	419	257	335	80	130	22.66
26	**उत्तराखण्ड**	234	173	164	70	195	6.77
27	**पश्चिम बंगाल**	93	24	6	6	25	27.88
	कुल	**12,392**	**6,332**	**7,007**	**57**		**481.06**

स्रोत : एमएनआरई।

नोट : 1. बिहार, पंजाब और मिजोरम के सन्दर्भ में जानकारी उपलब्ध नही थी।

2. दिल्ली, गोवा, मणिपुर, सिक्किम और त्रिपुरा लेखापरीक्षा समीक्षा का भाग नहीं थे।

3. सीएफए – केन्द्रीय आर्थिक सहायता, आरईसी–ग्रामीण विद्युतीकरण निगम लिमिटेड।

अनुबन्ध XVII

(अध्याय IX में पैरा 6 देखें)

लेखापरीक्षा द्वारा दूरस्थ गांव विद्युतीकरण प्रणालियों के राज्यवार भौतिक सत्यापन के ब्यौरे

प्रणाली का प्रकार	स्थान	कब संस्थापित	संख्या निरीक्षित	निष्क्रिय	कारण
आंध्रप्रदेश					
एसएचएलएस एवं एसएसएलएस	सुददाकुन्ता गांव	2008-09	284 एसएचएलएस और 34 एसएसएलएस	-	विद्युतीकरण पांच परिवारों में से कोई भी रह नहीं रहा था और एक परिवार वेंकटाद्रिपलम गांव में रह रहा था।
	बिल्लागोण्डी पुरवा		37 एसएचएलएस और 4 एसएसएलएस	37 एसएचएलएस और दो एसएसएलएस कार्यरत नहीं थे।	
अरूणाचल प्रदेश					
बायोमास गैसीफायर विद्युत संयंत्र	रानी एवं बालीजन गांव	2014	2 संयंत्र (328 लाभार्थी)	2	लाभार्थियों की रूचि की कमी और स्थानीय ग्रिड से गुणता विद्युत आपूर्ति की उपलब्धता।
एसएचएलएस	पूसीडाक एवं ताबासोरा गांव	2002–03 और 2005–06	132	-	122 उपलब्ध नहीं थे।
एसएचपी	पान्या	2009	01	01	मशीनरी कमियों के कारण कार्यरत नहीं थे।
एसएचएलएस	ताबासोरा	2002-03 एवं 2005-06	73	63	स्थानीय ग्रिड से विद्युत आपूर्ति के बाद अपेडा ने प्रणालियों के कार्यचालन की निगरानी नहीं की।
	पूसीडाक		59	59	
बायोमास गैसीफीयर विद्युत संयंत्र		2004-2005	12 गांव (1,024 लाभार्थी)	12	अपेडा ने यह प्रमाणित नहीं किया कि पुरवा/गांव अविद्युतीकृत थे। तथापि ये आरजीजीबीवाई, के अन्तर्गत विद्युतीकृत कवर किए गए थे। अपेडा/राज्य सरकार ने ना तो ऊर्जा संयंत्रों को अन्य आवश्यकता वाले स्थानों पर दोबारा लगाया और न ही आरवीई कार्यक्रम मार्गनिर्देशों के अनुसार सतत प्रचालन हेतु स्थानीय ग्रिड से संयंत्र जोडे गए। रू. 87.14 लाख का व्यय निष्फल हो गया था।

प्रणाली का प्रकार	स्थान	कब संस्थापित	संख्या निरीक्षित	निष्क्रिय	कारण
झारखण्ड					
एसएचएलएस	जजोगोरा, पोटका, पूर्वी सिंहभूमि	नवम्बर 2007 और अगस्त 2008 के बीच	36	21	ज्ञात नहीं।
			04	03	
	पापरागारू पोटका, पूर्वी सिंह भूमि	नवम्बर 2007 और अगस्त 2008 के बीच	19	13	ज्ञात नहीं।
			02	01	
	गमारकोचा पोटका, पूर्वी सिंह भूमि	नवम्बर 2007 और अगस्त 2008 के बीच	13	05	ज्ञात नहीं।
			01	शून्य	
	सिरका अंगारा, रांची	2003-04	286	13	बैटरी की विफलता।
			05	01	
	बीसा, अंगारा रांची	2003-04	424	65	बैटरी की विफलता।
			06	06	
केरल					
एसएचएलएस	अगाली ग्राम पंचायत	उपलब्ध नहीं	5	5	निवारक अनुरक्षण के मामले हुए थे। एएमसी के बाद प्रणालियों की कार्यात्मकता सुनिश्चित करने के लिए कोई प्रबन्ध नहीं किया गया था।
जम्मू एवं कश्मीर					
एसएचएलएस	पुंछ जिले के पांच[1] गांव	उपलब्ध नहीं	90	4	15 प्रणालियों में केवल एक ट्यूब कार्य कर रही थी, तीन प्रणालियों में केवल एक ट्यूब लगाई गई थी।
महाराष्ट्र					
एसपीपी (17.5 किलोवाट)	ओजार खेड गांव, जिला नाशिक	मार्च 2008	1	फरवरी 2013 से कार्यरत नहीं	रू. 9.48 लाख की निष्पादन बीजी जब्त की जानी अपेक्षित थी, जो की नहीं गई थी।
मध्यप्रदेश					
एसएसएलएस	सलकानपुर/ सिहोर	दिसम्बर 2012	196	.	जीआई पाइपों की खराब गुणवत्ता और अनुरक्षण में विलम्ब के कारण खम्भे क्षतिग्रस्त हुए।

[1] घाणी, नंगली, बन्दी चेचियान, कुसबा और खण्डी।

प्रणाली का प्रकार	स्थान	कब संस्थापित	संख्या निरीक्षित	निष्क्रिय	कारण
ओडिशा					
एसएचएलएस तथा एसएसएलएस	क्योंझर जिले का जमुदिहा गांव	उपलब्ध नहीं	925 एसएचएलएस और 93 एसएसएलएस	177 एसएचएलएस और 35 एसएसएलएस	909 परिवारों के लिए 17 गांवों में, 55 एसएचएलएस और 6 एसएसएलएस गायब थे।
राजस्थान					
एसएचएलएस	अलवर जिले के पांच गांव	उपलब्ध नहीं	50	8	एएमसी अवाधि के दौरान पूर्तिकार ने ध्यान नहीं दिया। लाभार्थियों ने स्वयं प्रणालियों की मरम्मत की अथवा खुले बाजार से इनकी मरम्मत कराई। प्रणालियों के प्रहस्तन हेतु लाभार्थियों को उचित प्रशिक्षण नहीं दिया गया था। लाभार्थी एएमसी से अवगत नहीं थे और एएमसी प्रदाताओं के सम्बन्ध नम्बर ज्ञात नहीं थे। आरवीई के अन्तर्गत केवल 37 वार की घर प्रकाश व्यवस्था प्रणालियां लगाई गई थीं जो लाभार्थियों के अनुसार पर्याप्त नहीं थीं जैसा भौतिक सत्यापन के दौरान बताया गया था।
उत्तराखण्ड					
एसएचएलएस	सैभर, मुनस्यार, पिथोरागढ़	उपलब्ध नहीं	63	39	बैटरियों के कार्य न करने के मामले हुए थे। इसके अलावा लाभार्थी प्रभार एकत्र नहीं किए गए थे और लाभार्थियों को उचित प्रशिक्षण भी नहीं दिया गया था।
पश्चिम बंगाल					
एसएचएलएस		उपलब्ध नहीं	13	12	एएमसी द्वारा अननुरक्षण और डब्ल्यूबीआरईडीए द्वारा अल्प निगरानी के कारण।
जोड़			**2,870**	**585**	**183 प्रणालियां गायब।**

नोट : सौर घर प्रकाश व्यवस्था प्रणाली (एसएचएलएस) सौर सड़क प्रकाश व्यवस्था प्रणाली (एसएसएलएस),सौर विद्युत संयंत्र (एसपीवी), सौर लालटेन (एसएल) और सौर जल पम्प (एसडब्ल्यूपी)।

अनुबन्ध XVIII
(अध्याय XII का पैरा 2.6 देखें)

सौर प्रकाशवोल्टीय प्रभाग

फैब्रिकेशन ऑफ सीयू थिन फिल्म सोलर सेल्स ऑन लार्ज एरिया ग्लास एण्ड फ्लेक्सिबल सबस्ट्रेट यूजिंग स्पट्रिग सेलेनाइजेशन टेक्नीक।

परियोजना कलिंगा इंस्टीटयूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नालाजी यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर को ₹ 57.07 लाख के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (मई 2009) एवं ₹ 56.85 लाख का व्यय हुआ। परियोजना प्रस्ताव में पेटेंट दायर करने और शोध –पत्रों के प्रकाशन की परिकल्पना की गई थी। तथापि, कोई पेटेंट दायर नहीं किया गया था तथा इस परियोजना के परिणाम के रूप में कोई शोध–पत्र किसी भी भारतीय/विदेशी पत्र –पत्रिकाओं में प्रकाशित नहीं किया गया था।

परियोजना के पूरा होने में नौ महीने की देरी हुई। परियोजना समापन रिपोर्ट (पीसीआर) का मूल्यांकन मंत्रालय के वैज्ञानिकों अथवा बाहरी विशेषज्ञों द्वारा नहीं किया गया था। विशेषज्ञों द्वारा पीसीआर के उचित मूल्यांकन के अभाव में यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि परियोजना के उददेश्य को हासिल नहीं किया गया। इसके अलावा परियोजना की विशेषज्ञों/संस्थाओं द्वारा निगरानी नहीं की गयी थी, जैसा मंत्रालय के मंजूरी पत्र में निर्धारित किया गया था। एमएनआरई ने बताया (मई 2015) कि मानव–शक्ति एवं ढांचागत सुविधाओं जैसी बाधाओं के कारण कमियां हुई।

नोवल डोप्ड 3–डी नैनोपोरस ऑक्साइट फार डाई सेन्सीटाइज्ड सोलर सेल्स

परियोजना इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ पेट्रोलियम, देहरादून को ₹ 38 लाख के वित्तीय परिव्यय पर स्वीकृत हुई (मार्च 2009) एवं ₹ 25.30 लाख का व्यय हुआ। सितम्बर 2012 के बाद परियोजना की प्रगति की समीक्षा नहीं की गई थी। अभी तक पीसीआर प्रस्तुत नहीं की गई है (जुलाई 2015)।

परियोजना प्रस्ताव में पेटेंट दायर करने और शोध–पत्रों के प्रकाशन की परिकल्पना की गई थी। तथापि, कोई पेटेंट दायर नहीं किया गया था तथा इस परियोजना के परिणाम के रूप में कोई शोध–पत्र किसी भी भारतीय/विदेशी पत्र–पत्रिकाओं में प्रकाशित नहीं किया गया था।

डेवलपमेंट ऑफ एन इंप्रूव्ड इलैक्ट्रिकल ऑप्टिकल मॉडल फॉर द सिमुलेशन ऑफ हिट्रो जंक्शन विथ इन्स्ट्रिंसिक थीन लेयर (एचआईटी) सोलर सेल्स।

परियोजना इंडियन एसोशिएसन फार कल्टीवेशन ऑफ साइंस, कोलकाता को ₹ 25.30 लाख के वित्तीय परिव्यय पर स्वीकृत हुई (फरवरी 2011) एवं ₹ 5.18 लाख का व्यय हुआ। फरवरी 2013 तक पूर्ण किए जाने के लिए निर्धारित परियोजना अभी भी चल रही थीं। परियोजना की परियोजना निगरानी समिति द्वारा अंतिम समीक्षा सितम्बर 2012 में की गई थी। उसके बाद परियोजना की समीक्षा नहीं की गई थी। परियोजना के जल्दी पूरा होने के लिए मंत्रालय द्वारा कोई प्रयास नहीं किया गया था। संस्वीकृति द्वारा निर्देशित तिमाही निगरानी रिपोर्ट समय से प्राप्त नहीं हुई। एमएनआरई ने बताया (मई 2015) कि परियोजना संचालक ने बार बार पूछने के बावजूद कोई जवाब नही दिया।

एक्सप्लॉयटेशन ऑफ यूनिक प्रोपर्टीज ऑफ क्वांटम डाट्स फॉर एफिसिएंट एनर्जी हार्वेस्टिंग इन सोलर सेल्स

परियोजना सेन्टर फार इमर्जिंग टेक्नालाजी, जैन यूनिवर्सटी, बैंगलौर को ₹ 37.16 लाख के वित्तीय परिव्यय पर स्वीकृत हुई (मई 2011) एवं ₹ 25.34 लाख का व्यय हुआ। मई 2014 तक पूर्ण किए जाने के लिए निर्धारित परियोजना अभी भी चल रही थीं। परियोजना के जल्दी पूरा होने के लिए मंत्रालय द्वारा कोई प्रयास नहीं किया गया था। संस्वीकृति द्वारा निर्देशित तिमाही निगरानी रिपोर्ट समय से प्राप्त नहीं हुई। एमएनआरई ने कहा (मई 2015) कि परियोजना को आगे बढ़ाने पर आरडीडी एण्ड डी सेक्टरल परियोजना मूल्यांकन समिति की अगली मीटिंग में विचारा जाएगा।

डिजाइन एण्ड डेवलपमेंट ऑफ आर्गेनिक सोलर सेल सब–मोड्यूल्स

परियोजना इंडियन–इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलाजी, कानपुर को ₹ 18.05 करोड़ के वित्तीय परिव्यय पर स्वीकृत हुई (मार्च 2011) एवं ₹ 4.64 करोड़ का व्यय हुआ। मार्च 2014 तक पूर्ण किए जाने के लिए निर्धारित परियोजना को बिना किसी उचित औचित्य के मार्च 2015 तक विस्तार दे दिया गया। स्वीकृति में यथा अधिदेशित तिमाही आधार पर विशेषज्ञों द्वारा परियोजना की समीक्षा नहीं की गई थी। संस्वीकृति के अनुसार कम से कम दस शोध पत्र एवं दस पेंटेट, परियोजना का निष्कर्ष होना चाहिए था परन्तु सितम्बर 2014 तक, ऐसा कुछ भी रिकार्ड में नहीं दिखा। एम एन आर ई ने (मई 2015) कहा कि परियोजना को सितम्बर 2015 तक बढ़ाया गया है।

सौर ताप प्रभाग

डेवलपमेंट ऑफ टेस्टिंग ऑफ–3 टीआर लिक्विड डेसिकैंट बेस्ड सोलर मल्टी–यूटीलिटी हीट पम्प।

परियोजना इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालाजी मुम्बई को ₹ 61.98 लाख के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (सितम्बर 2008) एवं ₹ 47.90 लाख का व्यय हुआ। एमएनआरई ने यह परियोजना परिणाम के मामले में विशिष्ट प्रदेय के साथ संस्वीकृत की और इकाई की लक्ष्य वाणिज्यिक लागत ₹ 2.75 लाख से ₹ 3.25 लाख के बीच सीमित करनी थी। परियोजना सितम्बर 2011 में पूरी की जानी थी और क्षेत्र परीक्षण रिपोर्ट सहित अंतिम पीसीआर अगस्त 2011 तक प्रस्तुत की जानी थी। आईआईटी मुम्बई ने भी उद्योग भागीदार मैसर्स मेक वर्ल्ड इको, नासिक की मदद से व्यावसायीकरण का पहले चरण जून/जुलाई 2012 तक शुरू करने का आश्वासन दिया था। एमएनआरई द्वारा कुल ₹ 48.85 लाख जारी किए गए। फरवरी 2012 में, एमएनआरई ने परियोजना अन्वेषण (पीआई) से प्रतिबद्धता के अनुसार अंतिम पीसीआर प्रस्तुत करने का अनुरोध किया। अंतिम पीसीआर अभी तक प्राप्त नहीं हुई थी (मई 2015)। इसके अलावा रिकार्ड में नहीं होने के कारण प्रदेय उददेश्यों और प्रस्तावित व्यावसायीकरण के बारे में क्षेत्र परीक्षण डाटा एकत्र नहीं हुआ था। अन्तिम पीसीआर की प्राप्ति और स्वतंत्र विशेषज्ञ द्वारा इसकी जांच के अभाव में यह नही कहा जा सकता है कि परियोजना का उददेश्य हासिल किया गया। परियोजना पर एमएनआरई द्वारा किए गए निगरानी कार्य के विवरण अभिलेख में दर्ज नहीं थे।

एमएनआरई ने बताया (मई 2015) कि फील्ड डेटा में कुछ समय लगता है तथा परियोजना के लेखा का अभी भी निपटारा किया जाना है।

डेवलपमेंट एण्ड डेमोन्सट्रेशन ऑफ ऑटोमेटिक टू एक्सिस ट्रैकिंग पैराबोलॉइड सोलर थर्मल कंसट्रेटर

परियोजना मैसर्स क्लिक डेवलपमेंट लिमिटेड, मुम्बई को ₹ 55.83 लाख के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (सितम्बर 2011) एवं ₹ 51.53 लाख का व्यय हुआ। सितम्बर 2012 तक पूर्ण किए जाने के लिए निर्धारित परियोजना पूर्ण होने की निर्धारित तिथि के बाद भी चल रही थीं (मई 2015)। परियोजना के जल्दी पूरा करने के लिए मंत्रालय द्वारा कोई प्रयास नहीं किया गया था। परियोजना प्रस्ताव में पेटेंट दायर करने की परिकल्पना की गई थी। तथापि, कोई भी पेटेंट दायर नहीं किया गया था।

इंटीग्रेटिंग एण्ड हाइब्रिडाईजिंग ए टू एक्सिस ट्रैकिग पैराबॉलिक डिश बेस्ड कंसंट्रेटेड सोलर थर्मल विद बायोमास बेस्ड थर्मिक फ्लुइड हीटिंग सिस्टम इन ए प्रोसेस इंडस्ट्री।

परियोजना मैसर्स मेगावाट सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा को ₹ 1.64 करोड़ के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (मई 2013) एवं ₹ 95.72 लाख का व्यय हुआ। अगस्त 2014 तक पूर्ण किए जाने के लिए निर्धारित परियोजना पूर्ण होने की निर्धारित निथि के बाद भी चल रही थीं। परियोजना के जल्दी पूरा करने के लिए मंत्रालय द्वारा कोई प्रयास नहीं किया गया था। एमएनआरई ने बताया (मई 2015) कि परियोजना की निष्पादन निगरानी अभी आरम्भ की जानी है।

हाइड्रोजन ऊर्जा एवं फ्यूल सेल प्रभाग

लीन लिमिट एक्सटेंशन फॉर स्पार्क इग्नाइटेड डायरेक्ट इंजेक्शन इंजन थ्रो ऑन बोर्ड नान–थर्मल प्लाजमा कंवर्जन।

परियोजना अन्नामलाई यूनिवर्सटी, तमिलनाडु को ₹ 39.25 लाख के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (फरवरी 2010) एवं ₹ 29.32 लाख का व्यय हुआ। फरवरी 2013 तक पूर्ण किए जाने के लिए निर्धारित परियोजना 31 दिसम्बर 2013 तक का विस्तार दिये जाने के बाद भी (अक्टूबर 2014) पूरी नहीं की गई थी। लेखापरीक्षित यूसी अभी भी प्रतीक्षित थे। परियोजना के प्रस्ताव में परियोजना के अंतर्गत विकसित प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण की परिकल्पना की गई थी। तथापि इस परियोजना के अंतर्गत कोई भी प्रौद्योगिकी हस्तान्तरित नहीं की गई थी। एमएनआरई ने (जुलाई 2015) कहा कि प्रोजेक्ट मानीटरिंग कमेटी ने नवम्बर 2014 की अपनी बैठक में पीसी आर स्वीकार कर ली है।

यूज ऑफ हाइड्रोजन (30 प्रतिशत) ऐज फ्यूल ब्लेंडेड विद कंप्रैस्ड नेचुरल गैस इन इंटरनल कम्बशन इंजन

परियोजना सोसायटी ऑफ इंडियन आटोमोबाइल्स मैन्यूफैक्चर्रस, नई दिल्ली को ₹ 6.34 करोड़ के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (सितम्बर 2007) एवं ₹ 5.10 करोड का व्यय हुआ। सितम्बर 2009 तक पूर्ण किए जाने के लिए निर्धारित परियोजना अभी तक पूर्ण नहीं हुई थी। इस परियोजना पर मंत्रालय द्वारा ₹ 1.94 करोड़ की राशि जारी की गई थी। परियोजना को दिसम्बर 2013 तक का विस्तार दिया गया। मंत्रालय द्वारा परियोजना की प्रगति की अंतिम समीक्षा जून 2013 में की गई थी और उसके बाद परियोजना की समीक्षा नहीं की गई थी। लेखापरीक्षित यूसी मंत्रालय में प्रतीक्षित थे। परियोजना के प्रस्ताव मे परियोजना के अंतर्गत विकसित प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण की परिकल्पना की गई थी तथापि इस परियोजना के अन्तर्गत किसी भी प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण नहीं किया गया था और कोई पेटेंट दायर नहीं किया गया था। एमएनआरई ने (जुलाई 2015) कहा कि प्रोजेक्ट मानीटरिंग कमेटी की नवम्बर 2014 की बैठक में पीसीआर स्वीकार कर ली गयी है।

डिजाइन एण्ड डेवलपमेंट ऑफ हाइड्रोजन गैस बर्नर फॉर इंडस्ट्रियल एप्लिकेशन

परियोजना इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालाजी, कानपुर को ₹ 23.90 लाख के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (फरवरी 2010) एवं ₹ 21.55 लाख का व्यय हुआ। फरवरी 2013 तक पूर्ण किए जाने के लिए निर्धारित परियोजना को नौ महीने की देरी के बाद नवम्बर 2013 में पूरा किया गया था। नवम्बर 2013 में प्रस्तुत किए गए पीसीआर का मूल्यांकन बाहरी विशेषज्ञों द्वारा नहीं किया गया था। इसके अलावा परियोजना प्रस्ताव में उद्योगों की भागीदारी की परिकल्पना की गई थी तथापि इस परियोजना में ऐसा नहीं देखा गया।

डेवलपमेंट ऑफ प्रोटोटाइप फोटो रिएक्टर फॉर द हाइड्रोजन प्रॉडक्शन फ्रोम हाइड्रोजन सल्फाइड अंडर नैचुरल सनलाइट

परियोजना सेंटर फार मैटीरियल्स फार इलेक्ट्रोनिक टेक्नालाजी, पुने को ₹ 22.40 लाख के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (दिसम्बर 2011) एवं ₹ 22.40 लाख का व्यय हुआ। दिसम्बर 2013 तक पूर्ण किए जाने के लिए निर्धारित परियोजना को जुलाई 2014 तक और फिर जुलाई 2015 तक का विस्तार बिना औचित्य के दिया गया।

थियोरेटिकल इन्वैस्टिगेशन ऑन लाइकली टू बी फेवरेबल फैक्टर्स ऑफ हेलिकल कार्बन नैनोट्यूब्स फॉर इनहेन्स्ड हाइड्रोजन एब्जार्पशन

परियोजना थियागराजा कालेज ऑफ इन्जीनियरिंग, मदुरई को ₹ 24.72 लाख के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (फरवरी 2008) एवं ₹ 24.24 लाख का व्यय हुआ। अगस्त 2009 तक पूर्ण किए जाने के लिए निर्धारित परियोजना को 14 महीने की देरी के बाद अक्तूबर 2010 में पूरा किया गया था। 2010 में प्रस्तुत पीसीआर का मूल्यांकन बाहरी विशेषज्ञों द्वारा नहीं किया गया था।

सीएनटी डोप्ड पॉलीमरिक मेम्ब्रांस फॉर हाइड्रोजन प्यूरिफिकेशन

परियोजना यूनिवर्सटी ऑफ राजस्थान, जयपुर को ₹ 30 लाख के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (फरवरी 2008) एवं ₹ 27.25 लाख का व्यय हुआ। पीसीआर का मूल्यांकन बाहरी विशेषज्ञों द्वारा नहीं किया गया था।

न्यूमेरिकल एण्ड एक्सपेरिमेंटल एनालिसिस फार द डेवलपमेंट ऑफ ए मेटल हाइब्रिड बेस्ड हाइड्रोजन एनर्जी स्टोरेज डिवाइस

परियोजना इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नालाजी गुवाहाटी को ₹ 33.45 लाख के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (अगस्त 2008) एवं ₹ 26.31 लाख का व्यय हुआ। अगस्त 2011 तक पूर्ण किए जाने के लिए निर्धारित परियोजना को एक साल की देरी के बाद अगस्त 2012 में पूरा किया गया था। अगस्त 2012 में प्रस्तुत किए गए पीसीआर का मूल्यांकन बाहरी विशेषज्ञों द्वारा नहीं किया गया था। परियोजना के प्रस्ताव में प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण व पेटेंट दायर करने की परिकल्पना की गई थी। तथापि, इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद न तो प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण किया गया और न ही कोई पेटेंट दायर किया गया था।

जेनेरेशन ऑफ हाइड्रोजन फ्रोम बायोमास डिराइव्ड ग्लाइसेरोल

परियोजना इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नालाजी, हैदराबाद को ₹ 46.43 लाख के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (फरवरी 2008) एवं ₹ 46.43 लाख का व्यय हुआ। फरवरी 2010 तक पूर्ण किए जाने के लिए निर्धारित परियोजना को एक साल से अधिक की देरी के बाद मार्च 2011 में पूरा किया गया। परियोजना को बिना औचित्य के अगस्त 2010 तक और फिर फरवरी 2011 तक का विस्तार दिया गया था। मार्च 2011 में प्रस्तुत किए गए पीसीआर का मूल्यांकन बाहरी विशेषज्ञों द्वारा नहीं किया गया था। इसके अलावा परियोजना प्रस्ताव में पेटेंट दायर करने और शोध–पत्रों के प्रकाशन की परिकल्पना की गई थी। तथापि कोई पेटेंट दायर नहीं किया गया था तथा कोई शोध–पत्र किसी भी भारतीय/विदेशी पत्र –पत्रिकाओं में प्रकाशित नहीं किया गया था।

सर्वे ऑफ इनवेंटरी एण्ड क्वालिटी ऑफ बाई प्रोडक्ट हाइड्रोजन पोटेन्शियल इन सेलेक्टेड मेजर सेक्टर्स इन इंडिया

परियोजना यूनिवर्सटी ऑफ पेट्रोलियम एण्ड एनर्जी स्टडीज, नई दिल्ली को ₹ 15.27 लाख के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (फरवरी 2008) एवं ₹ 17.56 लाख (₹ 2.29 लाख यूनिवर्सिटी प्रदत्ता) का व्यय हुआ। नवम्बर 2008 तक पूर्ण किए जाने के लिए निर्धारित परियोजना को 14 महीने की देरी के बाद जनवरी 2010 में पूरा किया गया। मंत्रालय की कमेटी द्वारा परियोजना की प्रगति की समीक्षा नहीं की गई तथा पीसीआर का मूल्यांकन बाहरी विशेषज्ञों द्वारा नहीं किया गया था।

नान–थर्मल प्लाजमा असिस्टेड डायरेक्ट डिकाम्पोजिशन ऑफ हाइड्रोजन सल्फाइड इंटू हाइड्रोजन एण्ड सल्फर

परियोजना नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलोजी,तमिलनाडु को ₹ 31.48 लाख के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (फरवरी 2009) एवं ₹ 25.78 लाख का व्यय हुआ। फरवरी 2012 तक पूर्ण किए जाने के लिए निर्धारित परियोजना को एक साल की देरी के बाद फरवरी 2013 में पूरा किया गया। पीसीआर का मूल्यांकन बाहरी विशेषज्ञों द्वारा नहीं किया गया था। परियोजना के प्रस्ताव में प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण एवं पेंटेंट दायर करने की परिकल्पना की गई थी। तथापि, इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद न तो प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण किया गया और न ही कोई पेटेंट दायर किया गया था।

सिंथेसिस ऑफ मैगनेशियम बेस्ड हाइड्रोजन स्टोरेज एलॉइज विद लोअर एब्जार्पशन टेम्परेचर्स

परियोजना नान–फेरस मैटीरियल्स टेक्नालॉजी डेवलपमेंट सेन्टर, हैदराबाद को ₹ 82.66 लाख के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (जुलाई 2010) एवं ₹ 82.66 लाख का व्यय हुआ। जुलाई 2013 तक पूर्ण किए जाने के लिए निर्धारित परियोजना मार्च 2014 तक के विस्तार के बाद भी (अक्टूबर 2014) चल रही थी। परियोजना पर ₹ 82.66 लाख की राशि जारी करने के बाद भी परियोजना के जल्दी पूरा करने के लिए मंत्रालय द्वारा कोई प्रयास नहीं किया गया था। एमएनआरई ने (जुलाई 2015) कहा कि प्रोजेक्ट मानीटरिंग कमेटी की नवम्बर 2014 की बैठक में पीसीआर स्वीकार कर ली गयी है।

डेवलपमेंट ऑफ ट्रांजिशन मेटल टंटालेट्स एण्ड ऑक्सीनाईट्राईड्स फॉर वाटर स्पलीटिंग एण्ड पॉलुशन एबेटमेंट

परियोजना इंस्टीटयूट ऑफ मिलनरल्स एण्ड मैटीरियल्स टेक्नोलॉजी भुवनेश्वर को ₹ 35.54 लाख के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (फरवरी 2008) एंव ₹ 32.54 लाख का व्यय हुआ। फरवरी 2011 तक पूर्ण किए जाने के लिए निर्धारित परियोजना को मई 2012 में पूरा किया गया था। परियोजना प्रस्ताव में पेटेंट दायर करने की परिकल्पना की गई थी। तथापि, कोई पेटेंट दायर नहीं किया गया था। पीसीआर का मूल्यांकन बाहरी विशेषज्ञों द्वारा नहीं किया गया था।

डेवलपमेंट ऑफ सेमीकंडक्टर नैनो–कंपोजिटस फॉर फोटो कैटालिस्ट वाटर स्पलीटिंग इनटू हाइड्रोजन एण्ड ऑक्सीजन अंडर सोलर लाइट इरैडिएश।

परियोजना इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नालोजी, हैदराबाद को ₹ 59.66 लाख के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (जनवरी 2011) एवं ₹ 49.58 लाख का व्यय हुआ। बिना किसी उचित औचित्य के उपकरण की लागत में वृद्धि के कारण परियोजना की लागत को संशोधित कर ₹ 47.86 लाख से ₹ 59.66 लाख कर दिया गया। जनवरी 2014 तक पूर्ण किए जाने के लिए निर्धारित परियोजना अभी भी चल रही थी।एमएनआरई ने (जुलाई 2015) कहा कि पीसीआर अब प्राप्त हो चुकी है एवं प्रोजेक्ट मानीटरिंग कमेटी की अगली बैठक में विचार करने के लिए प्रस्तुत की जाऐगी।

एस्टेबलिशमेंट ऑफ हाइड्रोजन प्रोडक्शन एण्ड यूटीलाइजेशन फेसिलिटी थ्रू फोटोवोल्टेइक इलेक्ट्रोलाइजर सिस्टम

परियोजना यूनिवर्सटी ऑफ पेट्रोलियम एण्ड एनर्जी स्टडीज नई दिल्ली को ₹ 14.02 करोड़ के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (फरवरी 2011) एवं ₹ 7.20 करोड़ का व्यय हुआ। सामग्रियों यथा उपकरण एवं सिविल कार्य के जुड जाने के कारण परियोजना की लागत को संशोधित कर ₹ 11.15 करोड़ से ₹ 14.02 करोड़ कर दिया गया। फरवरी 2014 तक पूर्ण किए जाने के लिए निर्धारित परियोजना अक्टूबर 2014 तक के विस्तार के बाद भी अभी चल ही रही है। परियोजना के जल्दी पूरा करने के लिए मंत्रालय द्वारा कोई प्रयास नहीं किया गया था। एमएनआरई ने (जुलाई 2015) कहा कि इस प्रकार की परियोजना देश में प्रथम थी, इसलिए इसके कार्यान्वयन में आरम्भ में अभिकल्पित से ज्यादा समय लगा।

हाइड्रोजन स्टोरेज प्रॉपर्टीज ऑफ कॉम्प्लेक्स हाइड्राइडस

परियोजना इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मुम्बई को ₹ 40.48 लाख के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (फरवरी 2008) एवं ₹ 40.48 लाख का व्यय हुआ। बिना किसी उचित औचित्य के जनशक्ति की लागत में पुनरीक्षण के कारण परियोजना की लागत को संशोधित कर ₹ 36.00 लाख से ₹ 40.48 लाख कर दिया गया। फरवरी 2011 तक पूर्ण किए जाने के लिए निर्धारित परियोजना को एक वर्ष से अधिक की देरी के बाद मार्च 2012 में पूरा किया गया था। परियोजना के प्रस्ताव में प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण की परिकल्पना की गई थी। तथापि, इस परियोजना के पूरा होने के बाद किसी भी प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण नहीं किया गया था। मार्च 2012 में प्रस्तुत किए गए पीसीआर का मूल्यांकन बाहरी विशेषज्ञों द्वारा नही किया गया।

डिजाइन एण्ड डेवलपमेंट ऑफ फंक्शनल हाइब्रिड नैनो स्ट्रक्चर्स फॉर फोटो इलेक्ट्रोकेमिकल वाटर स्प्लीटिंग।

परियोजना इंस्टीटयूट ऑफ मिनरल एण्ड मैटिरियल्स टेक्नोलॉजी, भुवनेश्वर को ₹ 55.09 लाख के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (मई 2010) एवं ₹ 52.96 लाख का व्यय हुआ। मई 2013 तक पूर्ण किए जाने के लिए निर्धारित परियोजना को नौ महीने की देरी के बाद फरवरी 2014 में पूरा किया गया था। मई 2014 में प्रस्तुत किए गए पीसीआर का मूल्यांकन बाहरी विशेषज्ञों द्वारा नहीं किया गया था। इसके अलावा परियोजना प्रस्ताव में पेटेंट दायर करने की परिकल्पना की गई थी तथापि, परियोजना के परिणाम के रूप में कोई पेटेंट दायर नहीं किया गया था।

डेवलपमेंट ऑफ मेथानोल इलेक्ट्रोलाइजर

परियोजना सदर्न पेट्रोकेमिकल्स इंडस्ट्रीज कारपोरेशन साइंस फाउन्डेशन को ₹ 25.02 लाख के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (फरवरी 2008) एवं ₹ 22.02 लाख का व्यय हुआ। फरवरी 2009 तक पूर्ण किए जाने के लिए निर्धारित परियोजना को तीन महीने की देरी के बाद मई 2009 में पूरा किया गया था। पीसीआर का बाहरी विशेषज्ञों द्वारा मूल्यांकन नहीं किया गया था। परियोजना प्रस्ताव में पेटेंट दायर करने और शोध–पत्रों के प्रकाशन की परिकल्पना की गई थी। तथापि, इस परियोजना के परिणाम के रूप में कोई पेटेंट दायर नहीं किया गया था तथा कोई शोध–पत्र किसी भी भारतीय/विदेशी पत्र–पत्रिकाओं में प्रकाशित नहीं किया गया था।

जैव ईंधन प्रभाग

डिजाइन डेवलपमेंट एण्ड इवैल्यूएशन ऑफ पायलट स्केल इथनॉल प्रोडक्शन फ्रोम कासावा स्टार्च

परियोजना तमिलनाडु एग्रीकल्चर यूनिवर्सटी को ₹ 35 लाख के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (सितम्बर 2008) एवं ₹ 30.45 लाख का व्यय हुआ। एमएनआरई के आरडीडी एण्ड डी दिशा–निर्देशों के अनुसार, इस परियोजना की मंजूरी के दौरान एक तीसरा पक्ष निगरानी तंत्र लागू किया जाना था तथा परियोजना लागत के 2 प्रतिशत (₹ 10 लाख तक उच्चतम सीमा निश्चित) का प्रावधान भी किया गया था। यह देखा गया कि यद्यपि पीआई नियमित प्रगति प्रतिवेदन भेजते रहे परंतु दिशा–निर्देशों के अनुसार न तो विशेषज्ञ कमेटी की पहचान की गई और न ही एमएनआरई वैज्ञानिकों द्वारा परियोजना की कभी निगरानी की गई अथवा दौरा किया गया जैसा कि संस्वीकृति द्वारा आदेशित किया गया था।

परियोजना प्रस्ताव में प्रायोगिक संयंत्र की स्थापना/प्रदर्शन में सहायता करने तथा व्यापक स्वीकरण हेतु प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय करने के लिए दो उद्योगों को शामिल किया गया था। इसके अलावा, प्रस्ताव में उद्यमी/लाइन विभागों को प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण प्रस्तावित था। अभिलेख से यह सुनिश्चित नहीं किया जा सका कि क्या प्रौद्योगिकी का वास्तव में हस्तांतरण किया गया था जैसा प्रस्तावित था। इसके अलावा, प्रायोगिक संयंत्र को लोकप्रिय करने के लिए भागीदार उद्योगों के योगदान की पुष्टि नहीं की जा सकी। एमएनआरई ने बताया (मई 2015) कि उद्योग की सहभागिता अनिवार्य नहीं थी तथा केवल वैकल्पिक थी। यह उत्तर उद्योगों को हरसंभव शामिल करने के एमएनआरई के व्यापक दृष्टिकोण का खंडन करता है।

डेमोन्सट्रेशन ऑफ मॉड्यूलर पाइरोलिसिस यूनिट टू प्रोड्यूस बायो ऑयल फ्रोम एग्रोइंडस्ट्रियल बायोमास वेस्टस एण्ड मेथोडोलॉजी फॉर एनालिसिस यूज एण्ड अपग्रेडेशन ऑफ बायो ऑयल

परियोजना द एनर्जी एण्ड रिसोर्स इंस्टीटयूट, नई दिल्ली को ₹ 1.70 करोड़ के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुआ (अक्टूबर 2010) एवं ₹ 1.55 करोड़ एमएनआरई द्वारा जारी किया गया। एमएनआरई के आरडीडी एण्ड डी दिशा–निर्देशों के अनुसार ₹ एक करोड़ से ज्यादा लागत वाले सभी परियोजना प्रस्ताव के लिए, संस्था में क्षमताओं और परियोजनाओं टीम तथा उपलब्ध तकनीकी और प्रशासनिक सेटअप की क्षमता का मौके पर ही आकलन करने हेतु संस्थान का दौरा करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति की प्रतिनियुक्ति की जाएगी और एक प्रतिवेदन मंत्रालय को प्रस्तुत करेगी। तथापि, कोई समिति गठित नहीं की गई।

परियोजना मंजूरी में अर्द्धवार्षिक अंतराल पर प्रगति की निगरानी हेतु एक विशेषज्ञ समिति का अधिदेश किया था। यद्यपि, पीआई से वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन प्राप्त किए गए, परन्तु एमएनआरई ने अनिवार्य अर्द्धवार्षिक अंतराल पर प्रगति की निगरानी नहीं की। इण्डियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड के जैव तेल के निरूपण, उपयोग और उन्नयन हेतु विश्लेषणात्मक गतिविधियों के लिए परियोजना हेतु एक भागीदार के रूप में होने की बात कही गई थी। परियोजना समापन प्रतिवेदन ने दहन अनुप्रयोगों में तथा वाहन ईंधन के रूप में तेल के परीक्षण के लिए भारतीय उद्योग की गैर उपलब्धता/भावना का संकेत किया। इस अवरोध के अलोक में, परियोजना के प्रति आईओसीएल के योगदान का पता नहीं लगाया जा सका तथा परियोजना में उद्योग की भागीदारी केवल कागज में ही रह गई।

डिजाइन एण्ड डेवलपमेंट ऑफ ड्यूअल ऑपरेटिंग पायलट स्केल बायो–रिएक्टर सिस्टम फॉर कंपरेटिव सिमुलेशन्स स्टडीज ऑन अल्गल कल्टीवेशन

परियोजना मैसर्स एबोलोन क्लीन एनर्जी लिमिटेड, गुजरात को ₹ 21.38 लाख के वित्तीय परिव्यय के लिए तीन विषय विशेषज्ञों से टिप्पणी प्राप्त होने के बाद स्वीकृत की गई (सितम्बर 2011)। एक विशेषज्ञ की टिप्पणियों ने प्रस्ताव में सुधार की आवश्यकता जताई और जून 2011 में भी मैसर्स एबेल्लोन से टिप्पणियों के प्रत्युत्तर प्राप्त हुए। इस प्रकार के प्रत्युत्तर को संबंधित विशेषज्ञ के पास अग्रेषित किया जाना चाहिए था एवं संशोधित स्वीकृति प्राप्त की जानी चाहिए थी। हालांकि, वह अभिलेख में उपलब्ध नहीं था।

30 जुलाई 2012 के मध्यावधि निगरानी प्रतिवेदन में, यह इशारा किया गया था कि रियेक्टर डिजाइनिंग में दोषपूर्ण था तथा कार्यान्वयन के लिए सुधार सुझााये गये थे। परियोजना अक्तुबर 2012 को पूरी हो गयी और ₹ 4.30 लाख की दूसरी किस्त दिसम्बर 2012 में जारी की गई । परियोजना समापन प्रतिवेदन स्वीकार करने तथा ₹ 9.30 लाख धनराशि जारी करने के उपरांत एमएनआरई ने मई 2013 में पीआई को प्रतिकूल टिप्पणियों से अवगत कराया, जो कार्यविधिक रूप से सही नहीं था।

जैव ऊर्जा प्रभाग

एड्रेसिंग नोवेल एप्लीकेशंस ऑफ करेंट जेनरेशन यूजिंग माइक्रो ऑर्गेनिज्मस

परियोजना सेन्ट्रल इलेक्ट्रोकेमिकल रिसर्च इन्स्टीटयूट, तमिलनाडु को ₹ 24.69 लाख के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (फरवरी 2008) एवं ₹ 26.03 लाख (₹ 1.32 लाख इंस्टीटयूट प्रदत्ता शामिल) का व्यय हुआ। फरवरी

2011 तक पूर्ण किए जाने के लिए निर्धारित परियोजना सात महीने की देरी के बाद सितम्बर 2011 में पूरी हुई। पीसीआर अप्रैल 2012 में प्रस्तुत किया गया। परियोजना की प्रगति की निगरानी विशेषज्ञों की किसी समिति द्वारा नहीं की गई। इसके अलावा परियोजना प्रस्ताव में पेटेंट दायर करने की परिकल्पना की गई थी। तथापि, इस परियोजना के परिणाम के रूप में कोई पेटेंट दायर नहीं किया गया था।

स्टेट ऑफ द आर्ट रिव्यू ऑफ ग्लोबल रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट इन पॉलिजेनरेशन फेसिलिटिज फॉर द प्रॉडक्शन ऑफ लिक्विड फ्यूल्स एण्ड केमिकल फॉर को–जेनरेशन ऑफ पावर

परियोजना इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मुम्बई को ₹ 1.50 लाख के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (दिसम्बर 2007) एवं ₹ 0.75 लाख का व्यय हुआ। पीआई द्वारा पीसीआर जमा करने में तीन साल की देरी हुई थी। परियोजना जून 2008 में पूरी की गई और पीसीआर जून 2011 में प्रस्तुत किया गया। परियोजना की प्रगति की निगरानी विशेषज्ञों की किसी समिति द्वारा नहीं की गई।

बायोगैस रेफ्रिजरेटर फॉर अर्बन, सेमी अर्बन एण्ड रूरल एरिया एप्लीकेशन्स

परियोजना अगस्त 2008 में अन्नामलाई यूनिवर्सटी, तमिलनाडु को ₹ 11 लाख के लिए स्वीकृत हुई एवं ₹ 2.50 लाख का व्यय हुआ। परियोजना प्रस्ताव में उल्लेखित डिजाइन के अनुसार रेफ्रिजरेटर प्रणाली के निर्माण करने में प्रतिभागी उद्योग के विफल होने के कारण परियोजना पूरी नहीं हुई। फरवरी 2009 तक प्रस्तुत किए गए प्रगति प्रतिवेदन को ही अंतिम प्रतिवेदन के रूप में स्वीकार कर लिया गया। इस प्रकार उद्देश्यों को हासिल किए बिना ही परियोजना को बीच में ही छोड़ दिया गया। एमएनआरई द्वारा किया गया ₹ 2.50 लाख का व्यय अनुपयोगी रह गया।

हाई एफिसिएन्सी बायौगैस जेनसेटस

परियोजना इंडियन इंस्टीटयूट आफ साइन्स, बैंगलौर को ₹ 33 लाख के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (सितम्बर 2008) एवं ₹ 26.53 लाख का व्यय हुआ। पीआई द्वारा पीसीआर जमा करने में आठ महीने की देरी हुई थी। परियोजना सितम्बर 2011 में पूरी की गई और पीसीआर जून 2012 में प्रस्तुत किया गया। परियोजना प्रस्ताव में पेटेंट दायर करने की परिकल्पना की गई थी। तथापि, इस परियोजना के परिणाम के रूप में कोई पेटेंटे दायर नहीं किया गया था।

डेपलपमेंट ऑफ हाउसहोल्ड वेस्टस एण्ड सेनिटेशन डिवाइस विद बायोगैस रिकवरी

परियोजना नेशनल इंस्टीटयूट फार इंटरडिसिफ्लनरी साइंस एण्ड टेक्नालाजी केरल को ₹ 19.89 लाख के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (सितम्बर 2008) एवं ₹ 24.89 लाख (जिसमें ₹ 5 लाख इंस्टीट्यूट प्रदत्ता शामिल) का व्यय हुआ। सितम्बर 2010 तक पूर्ण किए जाने के लिए निर्धारित परियोजना दो वर्ष से अधिक की देरी के बाद दिसम्बर 2012 में पूरी हुई। परियोजना की प्रगति की निगरानी विशेषज्ञों की किसी समिति द्वारा नहीं की गई। परियोजना प्रस्ताव में पेटेंट दायर करने की परिकल्पना की गई थी। तथापि, इस परियोजना के परिणाम के रूप में कोई पेटेंट दायर नहीं किया गया था। इसके अलावा बायोगैस रिकवरी सिस्टम के साथ मॉड्यूलर हाउसहोल्ड वेस्टस सेनिटेशन डिवाइस जो उददेश्यों में से एक था, का विकास नहीं किया गया।

कंपरेटिव इवैल्यूएशन ऑफ परफॉर्मेंस एण्ड मास इमिशन्स ऑफ ऐन ऑटोमोटिव पैसेंजर व्हिकल फ्यूल्ड विद एनरिच्ड बायोगैस यूजिंग फिल्ड ट्रायल टेस्टस

परियोजना इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी, दिल्ली को ₹ 18.09 लाख के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (मार्च 2011) एवं ₹ 11.71 लाख का व्यय हुआ। मार्च 2013 तक पूर्ण किए जाने के लिए निर्धारित परियोजना चार महीने से अधिक की देरी के बाद जुलाई 2013 में पूरी हुई। पीसीआर के प्रस्तुत करने में एक वर्ष की और देरी हुई थी। पीसीआर जून 2014 में प्रस्तुत किया गया था। पीसीआर पर विशेषज्ञों की टिप्पणी प्रतीक्षित थी। मंत्रालय ने इस संबंध में विशेषज्ञों के साथ मामले का फालोअप नही किया।

बायोगैस स्लरी हैंडलिंग एण्ड बायोमैन्यूर मैनेजमेंट

परियोजना इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, दिल्ली की ₹ 16.91 लाख के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (मार्च 2011) एवं ₹ 8.45 लाख का व्यय हुआ। मार्च 2013 तक पूर्ण किए जाने के लिए निर्धारित परियोजना नौ महीने से अधिक की देरी के बाद दिसम्बर 2013 में पूरी की गई। परियोजना की प्रगति की निगरानी विशेषज्ञों की किसी समिति द्वारा नहीं की गई। परियोजना प्रस्ताव में पेटेंट दायर करने की परिकल्पना की गई थी। तथापि, इस परियोजना के परिणाम के रूप में कोई पेटेंट दायर नहीं किया गया था।

डेवलपमेंट ऑफ हयूमिक एसिड्स एक्सट्रेक्शन लैब स्केल प्लांट फॉर बायोगैस स्पेंट स्लरी एण्ड ईट्स डिस्सेमिनेशन फॉर इंडस्ट्रियल एप्लीकेशन्स

परियोजना महाराना प्रताप यूनिवर्सटी ऑफ एग्रीकल्चर एण्ड टेक्नालाजी राजस्थान को ₹ 55.55 लाख के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (नवम्बर 2011) एवं ₹ 27.83 लाख का व्यय हुआ। परियोजना प्रस्ताव में पेटेंट दायर करने और शोध–पत्रों के प्रकाशन की परिकल्पना की गई थी। तथापि, इस परियोजना के परिणाम के रूप में कोई पेटेंट दायर नहीं किया गया था तथा कोई शोध–पत्र किसी भी भारतीय/विदेशी पत्र–पत्रिकाओं में प्रकाशित नहीं किया गया था।

डेवलपमेंट ऑफ इंटीग्रेटेड अल्ट्रासोनिकली ऐडेड बायोमिथेनशन प्लांट

परियोजना इंस्टीट्यूट ऑफ मिनरल्स एण्ड मैटीरियल्स टेक्नोलाजी भुवनेश्वर, को ₹ 33 लाख के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (फरवरी 2008) एवं ₹ 12.50 लाख का व्यय हुआ। अगस्त 2010 तक पूर्ण किए जाने के लिए निर्धारित परियोजना दो वर्ष से अधिक की देरी के बाद अक्टूबर 2012 में पूरी की गई। परियोजना की प्रगति की निगरानी विशेषज्ञों के किसी समिति द्वारा नहीं की गई।

डेवलपमेंट ऑफ ए थर्मोफिलिक बायोडाइजेस्टर फॉर डिसेंट्रलाइज्ड ट्रीटमेंट ऑफ ओर्गेनिक वेस्ट्स

परियोजना द एनर्जी एण्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली को ₹ 14.73 लाख के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (अक्टुबर 2008) एवं ₹ 9.53 लाख का व्यय हुआ। अक्टूबर 2010 तक पूर्ण किए जाने के लिए निर्धारित परियोजना तीन महीने से अधिक की देरी के बाद जनवरी 2011 में पूरी की गई। परियोजना की प्रगति की निगरानी विशेषज्ञों की किसी समिति द्वारा नहीं की गई। परियोजना प्रस्ताव में शोध–पत्रों के प्रकाशन की परिकल्पना की गई थी। तथापि, इस परियोजना के परिणाम के रूप में कोई शोध – पत्र किसी भी भारतीय/विदेशी पत्र–पत्रिकाओं में प्रकाशित नहीं किया गया था।

पवन ऊर्जा प्रभाग

एक्सपेरिमेंटल कैरेक्टरीस्टिक्स ऑफ विंड टबाईन ब्लेडिंग

परियोजना पार्क कालेज ऑफ इन्जीनियरिंग एण्ड टेक्नालाजी तमिलनाडु को ₹ 15.80 लाख के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (जुलाई 2010) एवं ₹ 9.30 लाख का व्यय हुआ। जून 2012 तक पूर्ण किए जाने के लिए निर्धारित परियोजना 23 महीने की देरी के बाद मई 2014 में पूरी की गई। ₹ 7.75 लाख के यूसी प्रस्तुत नहीं किए गए। परियोजना में उद्योग की भागीदारी सुनिश्चित नहीं की गयी। पीसीआर का मूल्यांकन बाहरी विशेषज्ञों द्वारा नहीं किया गया था।

एवरीबॉडीज बैटरी चार्जर

परियोजना आर एम के इन्जीनियरिंग कॉलेज, तमिलनाडु को ₹ 5.10 लाख के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (जून 2009) एवं ₹ 1.62 लाख का व्यय हुआ। दिसम्बर 2010 तक पूर्ण किए जाने के लिए निर्धारित परियोजना तीन वर्ष की देरी के बाद दिसम्बर 2013 में पूरी की गई। परियोजना में उद्योग की भागीदारी को शामिल नहीं किया गया। पीसीआर का मूल्यांकन बाहरी विशेषज्ञों द्वारा नहीं किया गया था।

विंड एनर्जी सेंटर ऐट अमृता यूनिवर्सटी, कोयंबटोर टू कंडक्ट डिप्लोमा कोर्स

परियोजना अमृता विश्व विद्या पीठम्, तमिलनाडु को ₹ 1.53 करोड़ के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (अगस्त 2010) एवं ₹ 93 लाख का व्यय हुआ। अगस्त 2013 तक पूर्ण किए जाने के लिए निर्धारित परियोजना ₹ 93 लाख के व्यय के बाद मार्च 2013 में बीच में ही छोड़ दी गई। ₹ 17.01 लाख के यूसी प्रस्तुत नहीं किए गए।

हेल्थ/कंडीशन्स मेनटनिंग ऐट एक्सपेरिमेंटल विंड फॉर्म

परियोजना सेन्टर फार विन्ड एनर्जी टेक्नालाजी, तमिलनाडु को ₹ 40.89 लाख के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (जून 2010)। परियोजना दो चरणों में पूरी की जानी थी। परियोजना का पहला चरण जून 2011 में पूरा किया जाना था जिसे ₹ 36.22 लाख के व्यय के बाद अभी भी मार्च 2014 तक पूरा नहीं किया गया था। परियोजना में उद्योग की भागीदारी को शामिल नहीं किया गया और पीसीआर प्रस्तुत नहीं किया गया।

कैपेसिटी बिल्डिंग इन विंड मिल सेक्टर कंडक्टिंग ऑफ सर्टिफिकेट एण्ड डिप्लोमा कोर्स

परियोजना पीएसजी कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, तमिलनाडु को ₹ 1.67 करोड़ के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (अगस्त 2010)। अगस्त 2013 तक पूर्ण किए जाने के लिए निर्धारित परियोजना ₹ 55.66 लाख के व्यय के बाद मार्च 2013 में बीच में ही छोड़ दी गई। ₹ 6.22 लाख के यूसी प्रस्तुत नहीं किए गए। परियोजना में उद्योग की भागीदारी को शामिल नहीं की गई और पीसीआर प्रस्तुत नहीं किया गया।

पावर क्वालिटी इश्यूज़ इन ग्रीड कनेक्टेड विंड फॉर्म्स

परियोजना आरएमके इंजीनियरिंग कालेज, तमिलनाडु को ₹ 37.38 लाख के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (जुलाई 2009)। जून 2012 तक पूर्ण किए जाने के लिए निर्धारित परियोजना 18 महीने की देरी के बाद दिसंबर 2013 में पूरी की गई। ₹ 10.34 लाख की राशि के यूसी नहीं दिए गए। परियोजना में उद्योग की भागीदारी को शामिल नहीं की गई। पीसीआर का मूल्यांकन बाहरी विशेषज्ञों द्वारा नहीं किया गया था।

पावर इवेक्यूएशंस स्टडीज फार ग्रिड इंटीग्रेटेड विंड इनर्जी कनवर्जन सिस्टम

परियोजना अन्ना यूनिवर्सिटी, तमिलनाडु को ₹ 16 लाख के वित्तीय परिव्यय के लिए स्वीकृत हुई (जून 2009) और ₹ 11.86 लाख का व्यय हुआ। दिसम्बर 2011 तक पूर्ण किए जाने के लिए निर्धारित परियोजना 23 महीने की देरी के बाद नवम्बर 2013 में पूरी की गई। ₹ 5.53 लाख के यूसी दिए नहीं गए। परियोजना में उद्योग की भागीदारी शामिल नहीं की गई और न ही पीसीआर का बाहरी विशेषज्ञों द्वारा मूल्यांकन किया गया था।